# JUSTIFICATION FOR FOREST LAND

**परियोजना का नाम–** राज्य योजना के अन्तर्गत जनपद चमोली के विधानसभा क्षेत्र कर्णप्रयाग मे कर्णप्रयाग–नौटी–पैठाणी मोटर मार्ग से कोली–भटोली तक मोटर मार्ग के नवनिर्माण हेतु 0.210 हे0 सिविल वन भूमि, 0.350 है0 वन पंचायत भूमि एवं मक डिस्पोजल हेतु 0.040 हे0 कुल 0.600हे0 सिविल/वन पंचायत भूमि का लो0नि0वि0 को हस्तान्तरण।

यह मोटर मार्ग कर्णप्रयाग–नौटी–पैठाणी मोटर मार्ग के कि0मी0 19प्रारम्भ हो कर ग्राम कोली–भटोली तक जाता है। उक्त मोटर मार्ग के निर्माण से ग्राम धानई के ग्रामवासियों को यातायात की सुविधा होगी वर्तमान में गांव की महिलाए पानी लकडी, चारा आदि लाने दूर जाती है मार्ग निर्माण के पश्चात उनका बहुमूल्य समय बचेगा साथ ही वे अपने घर और बच्चों को अधिक समय दें पाऐंगी। गॉव में चिकित्सालय तथा विद्यालय खुलने के ओर नए अवसर मिलेंगें। ग्रामवासी अपने उत्पादित फल, सब्जी, अनाज, आदि को बाजार तक बिना किसी कठिनाई के ले जा पायेंगे। साथ ही गाव विकास की ओर अग्रसर होगा तथा स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर प्राप्त होंगें। चूँकि गॉव का रास्ता वन पंचायत से होकर जाता है तथा मोटर मार्ग हेतु तकनीकी दृष्टि से भी वन पंचायत की भूमि पर ही मोटर मार्ग का निर्माण सम्भव है। वन भूमि के अलावा अन्य किसी प्रकार की भूमि से मोटर मार्ग का निर्माण सम्भव नहीं है।

**समरेखण–1** यह मोटर मार्ग कर्णप्रयाग–नौटी–पैठाणी मोटर मार्ग के कि0मी0 19 से प्रारम्भ होकर धानई गॉव तक 4.00 कि0मी0 लम्बाई मे जाता है। इस समरेखण पर क्षेत्रिय जनता की सहमति हैं तथा भू–गर्भ वेता द्वारा भी समरेखण को मार्ग निर्माण हेतु उपयुक्त पाया गया है। इस समरेखण में हेयरपिन बैण्डो की संख्या 3 हैं तथा 7 वृक्ष प्रभावित होते हैं।

**समरेखण–2** यह मोटर मार्ग कर्णप्रयाग–नौटी–पैठाणी मोटर मार्ग के कि0मी0 19 से प्रारम्भ होकर धानई गॉव तक 4.00 कि0मी0 लम्बाई मे जाता है। इस समरेखण से क्षेत्रिय जानता भी सहमत नहीं हैं । इस समरेखण में हेयरपिन बैण्डो की संख्या 5 हैं तथा 40 वृक्ष प्रभावित हो रहे है।

उपरोक्त दोनों समरेखण के अतिरिक्त अन्य कोई वैकल्पिक समरेखण उपलब्ध नहीं हैं। अतः मार्ग निर्माण हेतु संमरेखण न0–1 उपर्युक्त हैं।

सहायक अभियन्ता
निर्माण खण्ड,लो0नि0वि0
गौचर (चमोली)

वन क्षेत्राधिकारी
धनपुर वन क्षेत्र गौचर

अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड,लो0नि0वि0
गौचर (चमोली)

प्रभागीय वनाधिकारी
केदारनाथ वन्य जीव प्रभाग
गोपेश्वर।